**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2868**

**जिसका उत्तर 08 अगस्त, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**महादयी नदी परियोजना**

**2868. कुमारी प्रियंका सतीश जर्कीहोलीः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

कर्नाटक राज्य में महादयी नदी परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)**

महादयी जल विवाद अधिकरण (एमडब्ल्यूडीटी) द्वारा कर्नाटक राज्य को 13.42 टीएमसी जल आवंटित किया है, जिसमें कलसा नाला और भंडूरा नाला परियोजनाओं के लिए 3.90 टीएमसी जल शामिल है। इन परियोजनाओं की योजना हुबली-धारवाड़ जैसे दो शहरों, कस्बों और मार्ग में पड़ने वाले गांवों आदि की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाई गई है।

कलसा नाला डाइवर्जन स्कीम (लिफ्ट स्कीम) और भंडूरा नाला डाइवर्जन स्कीम (लिफ्ट स्कीम) की विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) को जल विज्ञान की और अंतर्राज्यीय पहलुओं की दृष्टि से केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने तकनीकी रूप से स्वीकार्य पाया था, बशर्ते कि महादयी जल विवाद अधिकरण (एमडब्ल्यूडीटी) अवार्ड के अनुसार सांविधिक स्वीकृतियों जैसी शर्तों का सख्ती से अनुपालन किया गया हो। इसके बारे में केन्द्रीय जल आयोग द्वारा परियोजना प्रस्तावकों यानी जल संसाधन विभाग, कर्नाटक सरकार को दिनांक 29.12.2022 को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

*****